हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

11 डीसी ने अनाज मंडी का किया दौरा, उठान में तेजी के निर्देश



12 राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज में बांटीं डिग्रियां



## एक दर्जन से ज्यादा गांवों में आग से खेतों व सामान को पहुंचा नुकसान, जनहानि होने से बची

# आंधी ने बढ़ाया आग का तांडव, रात भर 40 जगह दौड़ी दमकल की गाड़ियां

कई कर्मचारियों के हड़ताल पर होने के बावजूद दमकल कर्मियों ने 12-12 घंटे काम करके निभाया ड्यूटी व इंसानियत का फर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार देर सायं को चली आंधी के कारण फैली आग ने जिले के विभिन्न स्थानों पर कोहराम मचाया। स्थानीय दमकल केंद्र पर आगजनी की 40 घटनाएं दर्ज की गई। हालांकि गणीमत यह रही कि इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई। अधिकांश स्थानों पर खेतों में खड़ी गेहूं की फाणियां व खुले में पड़े ईंधन का नुकसान दर्ज किया गया। कुछ स्थानों पर तूड़े, ऊपले व हरियाली को भी नुकसान पहुंचा।

दमकल केंद्र इंचार्ज प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार को सुबह दस बजे उन्हें सिलानी बाईपास के नजदीक खेतों में खड़े झाड़ में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद दमकल केंद्र के कर्मी अपने काम पर निकले और एक के बाद एक आगजनी की घटना की सूचनाएं मिलती रहीं। उनकी शिफ्ट में यह सिलसिला दूसरे दिन मंगलवार की सुबह आठ बजे शहर के धौड़ रोड स्थित मारूति यार्ड में लगी आग पर जाकर रुका।

इस दौरान करीब चालीस शिकायतें मिलीं। कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी निभाते हुए आग लगने वाले स्थानों पर पहुंचे। ऐसे में कहीं-कहीं ऐसा भी रहा जब ईंधन में लगी आग पर लोगों द्वारा पहले से ही काबू करने का प्रयास किया जा रहा था। मुख्यतः डीघल, धांधलान, बिसाहन, ढाकला, कासनी, अंबोली, औरंगपुर, जौंधी, बिरधाना, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के पीछे, आर्य नगर, भट्टी गेट, नया बस स्टैंड के सामने पेट्रोल पंप के साथ, डीघल रेलवे स्टेशन के नजदीक, साल्हावास, नीलोहेड़ी, ऊंटलौधा, भूरावास व बिरोहड़ आदि क्षेत्रों में आग लगी। इसके अलावा खेड़ी होशदारपुर में अज्ञात कारणों से गैस सिलेंडर में आग लग गई। इस घटना में कर्मचारियों के शीघ्र पहुंचने के कारण केवल गैस सिलेंडर, रेगुलेटर व पाइप को छोड़कर अन्य सभी सामान सुरक्षित बचा लिया गया। इनके अलावा डीघल गांव की गोशाला के चाराघर में लगी आग में तूड़ा भी जला है।

इससे पहले दिन रविवार को तलाव गांव के बाहर रामफूल के प्लाट में लगी आग के कारण चालीस से पचास प्लास्टिक पाइप, तीन तख्त, करीब आधा दर्जन कुर्सियां क्षतिग्रस्त होने की सूचना भी रही। जिसके कारण रातभर दमकल विभाग की गाड़ियां सड़कों पर दौड़ती रही।



झज्जर। खेतों में लगी आग की वजह से अधिकतर जगह चारे और पेड़ों को नुकसान पहुंचा।

### मंगलवार को भी आठ जगह लगी आग

विभागीय जानकारी के अनुसार मंगलवार की शिफ्ट में 9 बजकर 49 मिनट पर पहली आगजनी की घटना दर्ज की गई जो बिरधाना गांव की रही। इसके बाद गोच्छी, दूबलधन, बस स्टैंड के नजदीक, खातीवास, मदाना, अकेहड़ी मदनपुर व जहाजगढ़ माजरा में आग लगी जिन पर कर्मचारियों द्वारा समय रहते काबू पा लिया गया। इन घटनाओं में मदाना में जहां पेड़ों को नुकसान पहुंचा वहीं अन्य स्थानों पर खेतों में खड़ी फाणियां व ईंधन जलकर राख हो गया।

### संसाधनों का अभाव झेल रहे दमकल कर्मी

जिस प्रकार से आगजनी की घटनाएं हो रही हैं उनसे निपटने के लिए दमकल केंद्र पर संसाधनों की कमी महसूस होती है। केंद्र के इंचार्ज प्रमोद कुमार ने बताया कि केंद्र में तीस कर्मचारी तैनात हैं, जिनमें से पांच कर्मचारी हड़ताल पर हैं। तीन ऑफिसर हैं। इसके बाद शेष 22 कर्मचारियों को बारह-बारह घंटों की दो शिफ्टों में काम करना पड़ता है। इसी प्रकार केंद्र की कुल चार गाड़ियों में से एक को बेरी क्षेत्र में नियमित खड़ा करना पड़ता है ताकि निकटवर्ती क्षेत्रों में शीघ्रता से पहुंचा जा सके। ऐसी स्थिति में यदि आगजनी की कई घटनाएं एक साथ सामने आती हैं तो उन्हें संसाधनों की कमी खलती है।

## दाना फैक्ट्री में कबाड़ व खेतों में अवशेष जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके के कई गांवों में सोमवार रात को आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आधा दर्जन से अधिक गांवों में अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं, जिससे दमकल विभाग की भागदौड़ बढ़ गई। जानकारी के अनुसार, आसौदा मोड़ के पास स्थित एक दाना फैक्ट्री में रखे प्लास्टिक कबाड़ में आग लग गई, जिसने कुछ ही समय में भीषण रूप ले लिया।

वहीं, खरहर, भापडोदा, मांडोठी, बराही, कानोंदा और कुलासी समेत कई गांवों के खेतों में फसल अवशेष जलने की घटनाएं सामने आईं। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है लेकिन आंधी-तूफान के चलते आग ने तेजी से फैलाव किया। दमकल विभाग की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। रातभर गाड़ियां इधर से उधर दौड़ती रहीं। कुछ जगहों पर तो टीम पहुंच ही नहीं सकी। बता दें कि क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी के चलते कचरे के ढेरों और सूखी झाड़ियों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कई स्थानों पर हरियाली भी चपेट में आ गई, जिससे पर्यावरण को भी गंभीर क्षति हुई है। पहले से प्रदूषण की समस्या झेल रहे बहादुरगढ़ में इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। प्रशासन द्वारा भी लोगों से अपील की जा रही है कि कचरे में आग न लगाएं और न ही फसल अवशेष को जलाएं।



बहादुरगढ़। आग बुझने के बाद राख में तब्दील फसल।

## तेज अंधड़ से गिरे 16 पोल, बिजली रही गुल

झज्जर। तेज आंधी और खराब मौसम ने सोमवार रात क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर बिजली के पोल गिर गए, जबकि एक ट्रांसफार्मर को भी नुकसान पहुंचा। इस घटना के बाद इलाके में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ उखड़कर बिजली लाइनों और पोल पर गिर गए। आंधी रूकने के बाद बिजली निगम की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया। विभागीय जानकारी के अनुसार तेज आंधी से 16 बिजली के पोल गिरे हैं, जबकि एक ट्रांसफार्मर को भी नुकसान पहुंचा है।

### दो दिन और मौसम में रहेगा बदलाव

मंगलवार को भी दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। दिन की शुरुआत आसमान में छाए घने काले बादलों और हल्की बूंदाबांदी के साथ हुई, लेकिन जैसे जैसे दिन बढ़ता गया, वैसे ही तापमान भी बदलता रहा। करीब दोपहर आसमान में तेज धूप निकल आई। लेकिन सायं तेज हवाओं के साथ पानी की बौछारें गिरने लगी। इससे एक बार फिर गर्मी से राहत मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दो दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वार्ड 13 उपचुनाव के लिए 10 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित



झज्जर। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा झज्जर नगर परिषद वार्ड 13 के उप-चुनाव की अधिसूचना जारी की गई है। जिसके चलते 10 मई को निर्धारित मतदान दिवस के अवसर पर संबंधित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों एवं मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अवकाश उन सभी फैक्ट्रियों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों, दुकानों एवं अन्य संस्थानों पर लागू होगा, जो संबंधित नगर निकाय क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जहां मतदान होना है। उन्होंने कहा कि अवकाश का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना है।

### खेत के कोठड़े में मिला अधेड़ का शव

बहादुरगढ़। गांव बामड़ोली में स्थित खेतों के एक कोठड़े में व्यक्ति का शव संदिग्ध हालात में पाया गया। शव चारपाई पर पड़ा हुआ था। मंगलवार की सुबह किसी की नजर गई तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान करीब 52 वर्षीय राजीव के रूप में हुई है। लाइनपार का रहने वाला था। वह किन परिस्थितियों में बामड़ोली तक पहुंचा, ये जांच का विषय है। बताते हैं कि वह मानसिक रूप से परेशान था। किसी बीमारी, भूख या प्यास आदि से मौत होने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। उसी के आधार पर पुलिस आगामी कार्रवाई करेगी।

### 19.84 ग्राम हेरोइन सहित दो युवक काबू

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने हेरोइन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, सीआईए को सूचना मिली थी कि बरोणा के निवासी प्रदीप व चंचल मादक पदार्थ बेचते हैं। फिलहाल वे रोहतक-दिल्ली रोड पर केएमपी पुल के नीचे इसी मंशा से खड़े हैं। इस पर टीम वहां गई और बाइक पर सवार दोनों आरोपियों को काबू किया। उनके पास से 19.84 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। उनसे पूछताछ की जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर, मां की मौत व बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सेक्टर-6 के गेट के पास मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान क्षेत्र के गांव सिलानी केशो निवासी सुमन पत्नी लक्ष्मीनारायण के तौर पर हुई है।

पुलिस को दी शिकायत में मृतका के पुत्र मोहित ने बताया कि वह सुबह करीब नौ बजे अपनी मां सुमन को लेकर किसी काम से मोटरसाइकिल पर शहर आ रहे था तो रास्ते में सेक्टर-6 के गेट के पास एक ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में राहगीरों द्वारा उन्हें उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी मां को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में उसके हाथ व पांव पर भी चोट आईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। पोस्टमार्टम के दौरान नागरिक अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजन।

### अस्पताल जा रही युवती को पिकअप ने कुचला

झज्जर। क्षेत्र के गांव बराणी के नजदीक पिकअप गाड़ी की टक्कर से एक युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 24 वर्षीया जन्नत पुत्री ओमप्रकाश निवासी छुछकवास के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि जन्नत शादीशुदा थी और बीते करीब चार वर्षों से अपने मायके में रहती थी। सोमवार की रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई तो परिजनों उसे गाड़ी में लेकर उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल की ओर निकले। परिजनों के अनुसार जब वे जन्नत को लेकर बराणी मोड़ के पास पहुंचे तो उसे उल्टियां होने लगी। ऐसे में उन्होंने गाड़ी रोक ली और जन्नत उल्टी करने लगी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

### 31 में से 25 पार्षदों की मांग पर एडीसी ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए बुलाई नगर परिषद की विशेष बैठक

## 15 को तय होगा पालेराम की उप-प्रधानी का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद बहादुरगढ़ के वाइस चेयरमैन राजपाल उर्फ पालेराम शर्मा के विरुद्ध शपथ पत्र सौंपने के करीब दो महीने बाद अविश्वास प्रस्ताव की बैठक तय हो गई है। नगर परिषद के 31 में से 25 पार्षदों ने उप-प्रधान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उपायुक्त झज्जर को 17 मार्च को शपथ पत्र सहित मांगपत्र सौंपा था। इस पर हरियाणा पालिका चुनाव नियमावली-1978 के नियम 72-ए के तहत कार्रवाई करते हुए एडीसी ने 15 मई को सुबह 11 बजे नगर परिषद कार्यालय बहादुरगढ़ के सभाकक्ष में विशेष बैठक बुलाई है।

बगावत के लगभग दो महीने बाद होने जा रही बैठक में उप-प्रधान पालेराम शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम को लेकर हलचल तेज हो गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने पुलिस उपायुक्त से 15 मई को पर्याप्त पुलिसबल उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया है। साथ ही नप के कार्यकारी अधिकारी को अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतपत्र आदि तैयार करवाने की हिदायत दी है।

पार्षद रजनीश कुमार मोनू, अन्नु रानी, राजेश मकड़ौली, ज्योति शर्मा, संदीप अहलावत, जितेंद्र राठी, राजकुमारी धाकरे, मनीषा धनखड़, प्रीति राठी, ज्योति राठी, सचिन दलाल, संदीप दहिया, विशाल गर्ग, विनोद जांगड़ा, बिजेंद्र दलाल, सुनैना मलिक, अश्वनी शर्मा, रमन यादव, बलराम दलाल मिंटू, ज्योति रोहिल्ला व कुलदीप राठी आदि ने वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा के व्यवहार और कार्यशैली की कड़ी निंदा की थी। जरूरी प्रोजेक्ट्स में अनावश्यक बाधाएं डालकर शहर का विकास भी प्रभावित करने का आरोप लगाया था। पार्षदों के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से उनकी नाराजगी चरम पर पहुंच गई।

इसी कारण पार्षदों ने 2 बार बजट बैठक का भी बहिष्कार किया था। इसके अलावा सीएम के फ्लैगशिप कार्यक्रमों से भी दूरी बनाई थी। बीते दिनों दिल्ली में सीएम नायब सैनी से मुलाकात कर उन्हें पूरे मामले से अवगत करवाया था। भाजपा के स्थानीय नेतृत्व का समर्थन भी पालेराम को नहीं मिला।



बहादुरगढ़। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षद व उनके प्रतिनिधि।

### अभद्र व्यवहार के लगे हैं आरोप

बता दें कि पालेराम शर्मा की कार्यशैली से आक्रोशित 25 पार्षदों ने 17 मार्च को जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल को एफिडेविट सौंपते हुए वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास जताया था। अधिकांश पार्षद पालेराम शर्मा द्वारा सार्वजनिक रूप से तिरस्कृत किए जाने से खफा चल रहे हैं। गत विधानसभा चुनाव के दौरान भी मंच से भाजपा के शीर्ष नेताओं को अपशब्द कहने पर भी पालेराम शर्मा की खूब चर्चा हुई थी।

### विधायक राजेश जून के बेटे की सगाई का पंडाल 15 एकड़ में लगा

## सीएम समेत हजारों लोगों ने दिया सचिन को आशीर्वाद

वीवीआईपी सगाई में लगा राजनेताओं का जमावड़ा, कल उत्तराखंड के त्रियुगीनारायण मंदिर में डॉ. सनोज से होगी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून के बेटे की सगाई समारोह में पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सचिन जून को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। सचिन जहां अपने परिवार के हॉस्पिटल समेत अन्य कारोबार को संभाल रहे हैं। वहीं उनकी होने वाली पत्नी डॉ. सनोज ने भी एमबीबीएस करने के बाद अस्पताल प्रबंधन में मास्टर्स की डिग्री कर रखी है। दोनों 30 अप्रैल को उत्तराखंड के त्रियुगीनारायण मंदिर में परिणय सूत्र में बंधेंगे। मान्यता है कि इसी मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था।

शहर के सेक्टर-9 में स्थित कॉमर्शियल सिटी सेंटर में बनाए गए समारोह स्थल पर विधायक राजेश जून ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ हरियाणा भाजपा प्रभारी सतीश पुनिया, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक सुनील सांगवान समेत अन्य वीआईपी मेहमानों का स्वागत किया।



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन को आशीर्वाद देते सीएम।

### 10 हजार की क्षमता वाला एयरकंडीशन टेंट भी लगा

एचएसवीपी के करीब 15 एकड़ में विकसित सिटी सेंटर में आयोजित सगाई समारोह में करीब डेढ़ लाख लोगों की आवभगत के लिए 14 अलग-अलग पंडाल बनाए गए थे। छह अलग-अलग फूड सेक्शन बनाए गए थे। मेहमानों की सेवा के लिए 700 वेटर तैनात थे। करीब 10 हजार लोगों की क्षमता का एयरकंडीशन टेंट लगा था। वाहनों के लिए आधा दर्जन से अधिक पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए थे, जहां डेढ़ सौ कर्मी तैनात रहे। प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष निगरानी थी। सुरक्षा के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मियों के अलावा 200 बाउंसर भी लगे थे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, चेयरपर्सन सरोज राठी, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, सेवामूर्ति दिनेश कौशिक, संजय कबलाना, पूर्व चेयरमेन सुनीता चौहान के अलावा पुलिस आयुक्त डॉ. राजश्री सिंह, डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल, डीसीपी मयंक मिश्रा तथा एसडीएम अभिनव सिवाच सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## दिन में क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मी की घर जाने के बाद मौत

- संगठन के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने की आश्रितों को मुआवजा व एक सदस्य को नियमित नौकरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय नगर परिषद में पे-रोल पर कार्यरत सफाई कर्मचारी राजेश पुत्र प्रताप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार को वह क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे थे और घर जाने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस घटना के बाद कर्मचारियों में मायूसी छा गई। मंगलवार की शाम उनके अंतिम संस्कार में विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों के अलावा नगर पालिका कर्मचारी संघ व एसकेएस के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री भी शामिल हुए। शाम करीब पांच बजे राजेश का अंतिम संस्कार डायवर्सन रोड स्थित रामबाग में किया गया। इससे पहले छारा चुंगी स्थित श्री वाल्मीकि धर्मशाला में उपस्थित नरेश शास्त्री ने राजेश को शहीद का दर्जा देने, आश्रितों को सरकार की घोषणा अनुसार मुआवजा राशि देने व परिवार के एक सदस्य को नियमित नौकरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार यदि इसमें देरी करती है तो वे साथी कर्मचारी के परिवार को उनका हक दिलाने के लिए आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि राजेश की यह मौत सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का परिणाम है क्योंकि सरकार कर्मचारियों को पक्का नहीं कर रही, उनका वेतन नहीं बढ़ा रही। जिस कारण कर्मचारी लगातार टेंशन में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। छोटी तनख्वाह में परिवार चलाने में उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नप कर्मचारी कई दिन से आंदोलन कर रहे हैं।



झज्जर। श्री वाल्मीकि धर्मशाला में संबोधित करते हुए नपा सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश शास्त्री।



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

लाइफ Style



# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला




# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

नई दिल्ली। एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7

**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।' इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है। 'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।



# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रोपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

गेहूं की दो लाख 33 हजार 840 एमटी आवक, एक लाख 88 हजार 553 एमटी खरीद दर्ज

# डीसी ने अनाज मंडी का किया दौरा उठान कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**एक लाख 23 हजार 716 एमटी गेहूं का हो चुका उठान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने स्थानीय अनाज मंडी का दौरा कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को गेहूं की खरीद के साथ ही उठान कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में आढ़तियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर गेहूं की फसल के भुगतान संबंधी जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को समय पर उनकी राशि मिल सके। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम सहित सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे खरीद के साथ-साथ उठान की प्रक्रिया भी निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जिले की मंडियों और खरीद केंद्रों में अब तक दो लाख 33 हजार 840 एमटी गेहूं की आवक दर्ज, जबकि एक लाख 88 हजार 553 एमटी से अधिक की खरीद व एक लाख 23 हजार 716 एमटी गेहूं का उठान हो चुका है। मंडियों में 29 हजार 421 किसानों ने अपनी गेहूं उपज की बिक्री की है। इस अवसर पर एसडीएम रवि मीणा, डीएम हैफेड कृष्ण कुमार, डीएफएससी राजेश्वर मुदगिल, एएफएसओ अमरजीत सिंह, मंडी प्रधान विनोद कुमार, आढ़ती हरेंद्र सिलाना सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। अनाज मंडी में आढ़तियों और किसानों से बातचीत करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। माजरा डी स्थित खरीद क्रेंद्र का दौरा करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

### मंडियों में गेहूं की आवक जारी

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को बहादुरगढ़ की अनाज मंडी सात गेट पास कटने के बाद 144.5 क्विंटल गेहूं आया। जबकि इतने ही गेट पास जारी होने के बाद आसौदा मंडी में 242 क्विंटल गेहूं आया। अब तक दोनों मंडियों में कुल 1 लाख 61 हजार 318 क्विंटल गेहूं आ चुका है। इसमें से 1 लाख 42 हजार 927 क्विंटल की सरकारी खरीद हुई है। बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 86.64 तो आसौदा की मंडी में 59.88 फीसद उठान हुआ है।

### गेहूं खरीद के साथ उठान व समुचित भंडारण की व्यवस्था करें अधिकारी : एसडीएम

*झज्जर। मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने बेरी अनाज मंडी और माजरा डी स्थित खरीद केंद्र का दौरा कर खरीद प्रकिया का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी खरीद एजेंसियां अनुमानित आवक का सही अध्ययन कर अपनी रणनीति तैयार करें, ताकि मंडियों में भीड़भाड़ न हो और किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई कठिनाई न आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभी से यह सुनिश्चित किया जाए कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो और पूरी पारदर्शिता के साथ राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जाए। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम सहित सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे खरीद के साथ-साथ उठान की प्रक्रिया भी निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें।*

# जिला सैनिक बोर्ड सचिव ने किया मातनहेल के प्राइमरी स्कूल के भवन का निरीक्षण

- यदि सब कुछ ठीक रहा तो गांव में इसी सत्र से शुरू होंगी सैनिक स्कूल की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मातनहेल निवासियों को गांव में सैनिक स्कूल का सपना शीघ्र पूरा होने की उम्मीद जगी है। गांव में सैनिक स्कूल की कक्षाएं इसी सत्र से शुरू करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला सैनिक बोर्ड सचिव कर्नल राजीव कुंडू ने गांव पहुंच कर वहां के प्राइमरी स्कूल की बिल्डिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद वे अपनी रिपोर्ट डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को सौंपेंगे। इस मौके पर पूर्व कर्नल जय सिंह सुहाग, भूप सिंह शास्त्री, जयदेव प्रधान, गुरदीप सिंह फौजी, पूर्व सूबेदार धर्मपाल, पूर्व सूबेदार सत्यप्रकाश, पूर्व सूबेदार धर्मबीर, महाबीर सुहाग सहित अन्य भी उपस्थित रहे। गुरदीप सिंह फौजी ने बताया कि सैनिक स्कूल की कक्षाएं शुरू करने व निर्माण कार्य को अमली जामा पहनाने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत का प्रतिनिधि मंडल डीसी से मिला था। जिन्होंने तुरंत सकारात्मक प्रक्रिया देते हुए अधिकारी को स्कूल के भवन का निरीक्षण करने भेजा। इसके लिए ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन का आभार भी जताया।


झज्जर। गांव के प्राइमरी स्कूल भवन का निरीक्षण करते हुए जिला सैनिक बोर्ड सचिव कर्नल राजीव कुंडू। फोटो : हरिभूमि

## रेखा शर्मा के बयान की निंदा

**बहादुरगढ़।** कांग्रेस नेता राजेश कलसन ने भाजपा सांसद रेखा शर्मा के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल पर की गई टिप्पणी एक दिवंगत नेता का अपमान है।

पंचकूला मेयर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुधा भारद्वाज के बढ़ते समर्थन से घबराकर रेखा शर्मा ने यह बयान दिया। कलसन ने रेखा शर्मा से सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए लोकसभा अध्यक्ष से उनके इस्तीफे की भी मांग की है।

# स्व-गणना प्रक्रिया में सहभागी बनें आमजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में स्व-गणना प्रक्रिया को लेकर आमजन में उत्साह देखने को मिल रहा है। नागरिक निरंतर सरकार की इस डिजिटल पहल से जुड़ते हुए अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने बताया कि यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहेगी, जिसके तहत नागरिक आधिकारिकपोर्टलसीसीईएनएस यूएसजीओवीइन पर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी स्वयं घर बैठे अपनी जानकारी भर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि स्व-गणना के बाद 1 मई से 30 मई तक जिले में घर-घर जाकर मकान सूचीकरण और सत्यापन का कार्य किया जाएगा। इस दौरान गणना कर्मी नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी का मिलान करेंगे।

### प्रेम मंदिर में हुआ मासिक सुंदरकांड पाठ


झज्जर। प्रेम मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** स्थानीय लाल खानिया मोहल्ला स्थित श्री प्रेम मंदिर में मासिक सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर की महिला मंडली ने सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया। बाद में बृज रसिका दीदी मीनाक्षी ने मधुर संकीर्तन किया। दीदी मीनाक्षी ने हनुमान चालीसा प्रस्तुति के साथ साथ भगवान कृष्ण के मधुर भजनों की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर उपस्थित भक्तजनों ने खूब नृत्य किया व बधाई गीत गाए । कार्यक्रम में लैया बिरादरी सेवा समिति के प्रधान उमेश नंदवानी, महासचिव सतीश धींगड़ा, उपप्रधान सुभाष भाटिया, श्याम रेवड़ी, मनोहरलाल तनेजा, आशीष चावला, विजय ढींगड़ा, महिला सभा प्रधान आशा तनेजा, इंदु भुगड़ा, दीपांशी, पार्षद सुषमा गोसांई, रिया चावला, आशा नागपाल, शिप्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीएम नायब सैनी के आगमन से पहले भरे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लंबे समय से गड्ढों के शिकार बालोर रोड की आखिरकार सुध ली गई। सीएम के आगमन से कुछ समय पहले ही एकाएक तारकोल से गड्ढों को भरने का काम शुरू किया गया।

दरअसल, मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून के विवाह समारोह में शिरकत की। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर बालोर रोड स्थित कॉलेज परिसर में उतरा, जिसके बाद वे सड़क मार्ग से आयोजन स्थल तक पहुंचे। उनके आगमन से कुछ घंटे पहले ही पैचवर्क किया गया। कॉलेज के आसपास और आयोजन स्थल तक जहां-जहां सड़कें क्षतिग्रस्त थीं, वहां गड्ढों को तारकोल से भरकर समतल किया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बालोर रोड पर लंबे समय से सड़क बदहाल थी और गड्ढों के कारण लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती थी। एक शख्स ने कहा कि सीएम के आने से कम से कम गड्ढे तो भर दिए गए, वरना वर्षों से कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इंटरनेट मीडिया पर भी यह मुद्दा चर्चा में रहा। लोगों ने सेक्टरों की अन्य सड़कों की खराब हालत पर सवाल उठाते हुए कहा कि काश वीआईपी रूट उन इलाकों से भी गुजरता, तो वहां की सड़कों की भी सुध ली जाती। एक अन्य व्यक्ति ने टिप्पणी की कि यदि मुख्यमंत्री का दौरा होता रहे, तो शायद सड़कों का नियमित सुधार संभव हो सके, अन्यथा आम आदमी के नसीब में तो सड़कों के गड्ढे ही हैं।


बहादुरगढ़। बालोर रोड पर भरे जा रहे गड्ढे। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी के समक्ष मांग रखते संजय सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### सीएम के समक्ष रखी बहादुरगढ़ की मांगें

**बहादुरगढ़।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर बहादुरगढ़ से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें उनके समक्ष रखीं। संजय सैनी ने सेक्टर-6 व 2 में टूटी हुई सड़कों को जल्द से जल्द बनवाने की मांग रखी। बहादुरगढ़ में किसी एक चौक का नाम महात्मा ज्योतिबा फूले के नाम से रखने का अनुरोध किया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दीपक सैनी व आशु सैनी ने सैनीपुरा में सैनी धर्मशाला बनवाने के लिए मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर धर्मेंद्र सैनी व संदीप सैनी भी उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी भूख हड़ताल पर रहे सफाई कर्मी

- नगर परिषद के गेट पर धरना देकर हड़ताली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में दूसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों ने कार्मिक भूख हड़ताल की। नगर परिषद के गेट पर धरना देकर हड़ताली कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मंगलवार को 12 कर्मचारी भूख हड़ताल पर थे। इनमें संदीप, अमित, उषा, जयभगवान, अनीता, सत्ते, रजनी, सरोज, बाला, शीला, सुनीता आदि शामिल रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई प्रधार राजेश कर रहे है। जबकि जिला प्रधान राजेंद्र, वरिष्ठ उपप्रधान लीलाराम सहित अन्य पदाधिकारी कर्मचारियों ने भी हड़ताली कर्मियों का हौसला बढ़ाया। संगठनकर्ता राजपाल ने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारी हादसे में जान गंवाने वाले अपने दो साथियों को शहीद का दर्जा दिलाने, परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग उठा रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। प्रदेश के सफाई कर्मचारी उनके साथ हैं। इसके अलावा कच्चे कर्मियों को पक्का करने सहित अन्य मांग भी उठाई जा रही हैं। फिलहाल दो दिन की कार्मिक भूख हड़ताल है। इसके बाद एक व दो मई को पूर्ण हड़ताल की जाएगी। सरकार अग्निशमन कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी करे।


बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर धरनारत हड़ताली कर्मी।

# पीपीटी कंपीटिशन में योगेश व कवित प्रथम

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस की टेकट्राइब समिति द्वारा फेस्ट का आयोजन किया गया। भारती विद्यापीठ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. महेश कुमार ने एआई व मशीन लर्निंग की उपयोगिता और भविष्य में उसके लाभ की जानकारी दी। एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. दीपक शर्मा ने साइबर सिक्योरिटी के बारे में बताया। पीपीटी कंपीटिशन में योगेश व कवित प्रथम, पूजा व शिवानी द्वितीय तथा दुर्गेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिक्लेमेशन कंपीटिशन में संजना ने पहला स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान सुरजीत, दूसरा स्थान आशिका व तीसरा स्थान दक्षिता ने प्राप्त किया। ऑनलाइन गेमिंग के तहत फ्री फायर एवं बैटलग्राउंड्स में 150 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। शुभम आर्य, शिवम कार्तिक व अजीत की टीम प्रथम रही। कर्ण जून, अर्जुन, उमेश, अक्षत व लक्ष्य की टीम दूसरे नंबर पर रही। देव प्रताप, निमित्त, भरत राव, चेतन भगत व सुशांत सिंह की टीम तृतीय रही। बीजीएमआई में अजय, सुरेंद्र, राहुल, मोहित व सुरेंद्र दलाल की टीम विजेता रही।


बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## किसानों की मांगों पर सुनवाई नहीं कर रही सरकार : मातनहेल

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने कहा कि संगठन ने संयुक्त किसान मोर्चे के साथ मिलकर अनेक बार धरने प्रदर्शन किए हैं। लेकिन सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। जयकरण मांडौठी ने बताया किरबी फसलों की खरीद पर लगाई गई बेतुकी शर्तों-नियमों को वापस लेने, मंडियों में उठान प्रक्रिया तेज करने, 72 घंटे में किसानों को भुगतान करने व बेमौसमी बारिश, तूफानी हवाओं और ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा देने और आगजनी की घटनाओं से जल कर खाक हुई गेहूं आदि की फसलों का 60 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांगों को लेकर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है। सरकार की मंशा है कि कृषि मार्केट और कृषि भूमि को कंपनियों, कारपोरेट घरानों के हाथों में सौंप दिया जाए ताकि ना एमएसपी का झंझट रहे ना पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन का।

धन्ना भगत ने संदेश दिया था कि सच्चा धर्म वही है जो मनुष्य का साथ देगा

# श्रीराम मंदिर में श्रद्धा से मनाई धन्ना भगत की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय श्रीराम मंदिर में धन्ना भगत की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। पंडित पवन शर्मा ने कहा कि धन्ना भगत का जीवन सादगी और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक हैं। धन्ना भगत परम ज्ञानी थे। धन्ना भगत बचपन से ही दयालु, परोपकारी और साधु संतों की संगति किया करते थे। धन्ना भगत भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतो में से एक थे। धन्ना भगत संत रामानंद के शिष्य थे और उनकी प्रेरणा से उन्होंने अपना जीवन भक्ति मार्ग में लगा दिया। धन्ना भगत ने संदेश दिया था कि सच्चा धर्म वही है जो मनुष्य का साथ देता हैं। संत शिरोमणि धन्ना भगत का जन्मोत्सव श्रद्धा से मनाया गया। यह दिन धन्ना भगत की सादगी, विश्वास और प्रेम की याद दिलाता है। कार्यक्रम में सुन लो मेरी ये पुकार, आया हूं मैं तेरे द्वार..तू खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं..देना हो तो दीजिए जन्म जन्म का साथ.. युगल शर्मा, अशोक गेरा, सतीश कटारिया, सुनील गेरा, विनोद मदान, जगदीश कटारिया ने भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर वेद बहल पाशु, प्रवीण सुखीजा, विनोद धींगड़ा, सुषमा गाबा, सतीश गाबा, संतोष हंस, शशी कटारिया, आशा शर्मा, ममता कटारिया, कंचन कटारिया, रजनी रहेजा, झलक कटारिया, किरण धींगड़ा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


झज्जर। श्रीराम मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### आसौदा और मांडोठी गांवों में बास्केटबॉल और वॉलीबॉल ग्राउंड बनाने की तैयारी


बहादुरगढ़। खिलाड़ियों से चर्चा करते एचओए के उपाध्यक्ष अनिल खत्री।

*बहादुरगढ़। आसौदा और मांडोठी गांवों में बास्केटबॉल और वॉलीबॉल ग्राउंड बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने यह मांग हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल के माध्यम से सरकार को भेज दी है। उन्होंने गांव के खेल स्टेडियमों में सुविधाओं का जायजा भी लिया। उनके अनुसार सरकार और संघ द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा प्रदान की जाएगी। खेल से जुड़ा हर युवा देश का एक जिम्मेदार और अच्छा नागरिक जरूर बनेगा। अनुशासित युवा शक्ति ही आने वाले समय में देश को मजबूत बनाने में सबसे बड़ा योगदान देगी।*

**सूचना**

मैं, अशोक कुमार पुत्र श्री जगदीश लाल निवासी वार्ड नंबर 3. तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनिष कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन देन और व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरी और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, मुंदिरा देवी पत्नी श्री हरी मोहन मिश्रा व हरी मोहन मिश्रा पुत्र श्री रेवती मिश्रा निवासीयान मकान नंबर-565/7, गली नंबर-5, शास्त्री नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र अर्जुन हमारे कहने सुनने से बाहर है और हम उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अर्जुन अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरेकार नहीं रहा।

## राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू पीजी कॉलेज में 57वां दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह, बादली कॉलेज में भी होनहारों का सम्मान

# 135 स्नातकोत्तर और 140 स्नातक विद्यार्थियों को मिलीं डिग्रियां

**तकनीक के दौर में उच्च शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा: प्रो. सुदेश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान कव्वाली की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान छात्रा को डिग्री प्रदान करतीं कुलपति प्रोफेसर सुदेश।

मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय का 57वां दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां की कुलपति प्रोफेसर सुदेश दीक्षांत समारोह की मुख्यातिथि रहीं जबकि पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉक्टर के एस गुलिया रहे। नवस्नातकों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर सुदेश ने कहा कि उच्च शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और आज के दौर में अलग-थलग रहकर प्रगति संभव नहीं है। सफलता के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है, जो नई शिक्षा नीति की मूल भावना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन भर सीखते रहने, चरित्र निर्माण पर ध्यान देने, सत्य और ईमानदारी के मार्ग पर चलने तथा शिक्षा को व्यवहार में उतारने का संदेश दिया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 135 स्नातकोत्तर और 140 स्नातक विद्यार्थियों को मिली डिग्रियांःदीक्षांत समारोह में अंग्रेजी, हिंदी, वाणिज्य, गणित, कम्प्यूटर विज्ञान, मनोविज्ञान तथा जनसंचार एवं पत्रकारिता विषयों के 135 स्नातकोत्तर तथा बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए व बीबीए के 140 स्नातक विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। संगीत मध्यांतर में डॉक्टर तमसा के नेतृत्व में संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने कव्वाली की शानदार प्रस्तुति दी और डॉक्टर कविता के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवाओं को किया पुरस्कृत

पारितोषिक वितरण समारोह में सत्र 2023-24 और 2024-25 के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस और यूथ रेडक्रास क्लब की गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कुल 116 स्वर्ण पदक, 75 रजत पदक, 75 कांस्य पदक तथा 162 कॉलेज कलर प्रदान किए गए। शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 66 स्वर्ण पदक, 62 रजत पदक, 60 कांस्य पदक और 66 कॉलेज कलर, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 02 स्वर्ण पदक, 01 रजत पदक, 02 कांस्य पदक, 08 कॉलेज कलर और 82 मेरिट सर्टिफिकेट, खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 48 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक, 12 कांस्य पदक और 76 कॉलेज कलर, एनएसएस में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 04 कॉलेज कलर, एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 08 कॉलेज कलर और 20 मेरिट सर्टिफिकेट, वाईआरसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 01 कांस्य पदक और 08 मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।



बहादुरगढ़। अतिथियों व प्रिंसिपल के साथ डिग्री प्राप्त विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## 118 को बैचलर, 92 को मिली पीजी की डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। समारोह में उपस्थित डिग्री प्राप्त विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को दीक्षांत एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। सत्र 2023-24 व सत्र 2024-25 में पास आउट 210 छात्र-छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि से सम्मानित किया गया। डिग्री प्राप्त करने समय स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की खुशी साफ झलक रही थी। दीप प्रज्वलन के बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में जेएनयू के प्रोफेसर मदन मोहन ने विद्यार्थियों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हें जीवन आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य आनंद काद्यान ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और महाविद्यालय की गतिविधियों और आवश्यकताओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम में 118 विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री और 92 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर की डिग्री प्रदान की गई। विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कोऑर्डिनेटर शर्मिला ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाई। मंच संचालन डॉ. विजय व निशा मलिक ने किया। डॉ. पूनम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. राजशेखर ने हिंदी व संस्कृत के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अनमोल के गीत ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉ. समता, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. नवीन कुमारी, डॉ. रवींद्र, विकास शर्मा, डॉ. रेणू गुलिया, डॉ. मंजीत मेहरा, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. पूनम रानी, सुभाष चंद्र, मंजीत, डॉ. आरती, डॉ. आशा, डॉ. बेबी, डॉ. राजपाल आदि रहे।

## महिला और उसके सास-ससुर को जमकर पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी में मकान में घुसकर महिला और उसके सास-ससुर के साथ मारपीट करने, सामान तोड़ने, घर पर कब्जा करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। आसौदा चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसोरखेड़ी की निवासी प्रिया का कहना है कि वर्ष 2024 में उसके ससुर ने गांव के निवासी एक व्यक्ति से मकान खरीदा था। उसका फुल पेमेंट एग्रीमेंट हमारे पास है। तब से उस मकान में हम रह रहे हैं। हमें मकान बेचने वाले शख्स के भांजे को जब इस बात का पता चला तो वह हमारे घर आकर झगड़ने लगा था। तब हमारा राजीनामा हो गया लेकिन अब सोमवार की दोपहर को वह कई लोगों के साथ आया, जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल थी। आते ही हमारे घर में घुसकर सामान तोड़ने लगे और बाहर फेंक दिया।

## शुरुआती बदलाव से ही सतर्क हो जाएं किडनी मरीज : डॉ. सहगल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

किडनी स्वास्थ्य को अक्सर तब तक नजरअंदाज किया जाता है, जब तक समस्या गंभीर नहीं हो जाती। ऐसे में यह जरूरी है कि सूजन, लगातार थकान या यूरिनेशन में बदलाव जैसे शुरुआती संकेतों को समय रहते पहचाना जाए। यह कहना है मैक्स हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर और यूनिट हेड डॉ. ब्लेसी सहगल का। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. ब्लेसी सहगल ने बताया कि शहर के मिशन हॉस्पिटल में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (शालीमार बाग) ने अपनी विशेष नेफ्रोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। वे हर महीने के दूसरे और चौथे मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मिशन हॉस्पिटल में मरीजों के लिए कंसल्टेशन और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगी।

### सही समय पर इलाज जरूरी



डॉ. ब्लेसी सहगल केअनुसार समय पर डायग्नोसिस किडनी डिजीज की प्रोग्रेशन को रोकने में अहम भूमिका निभाता है, और मरीजों के बीच जागरूकता बढ़ाना बेहतर परिणामों की दिशा में पहला कदम है। एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स और पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट प्लांस के जरिए हर मरीज की जरूरत के अनुसार इलाज किया जा सकता है। सही समय पर हस्तक्षेप और उचित उपचार से कॉम्प्लीकेशन्स को कम किया जा सकता है।

# अतीत से वर्तमान तक हरियाणा के विकास पर संगोष्ठी

- सेमिनार के अंतर्गत कुल तीन तकनीकी सत्रों में विभिन्न शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देतीं प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा व अन्य।


बहादुरगढ़। संगोष्ठी में उपस्थित वैश्य कॉलेज की छात्राएं।

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा मंगलवार को हरियाणा अतीत व वर्तमान में सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक आयाम विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमिनार के अंतर्गत कुल तीन तकनीकी सत्रों में विभिन्न शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने सभी का स्वागत करने उपरांत हरियाणा के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के अध्यक्ष श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि हमारे बुजर्गों ने बेटियों के लिए शिक्षा प्राप्त की व्यवस्था कर बेटियों को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। कॉलेज अध्यक्ष मनीष जिंदल ने विद्यार्थियों को शोध एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया। नई दिल्ली की साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के पूर्व वैज्ञानिक एवं डीन प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरियाणा के विकास में शिक्षा एवं अनुसंधान की भूमिका पर विस्तार से बात रखी।

दिल्ली विश्वविद्यालय की वित्तीय साक्षरता संवर्धन समिति के अध्यक्ष प्रो. आरपी तुल्सियन ने आर्थिक साक्षरता और समकालीन चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। एमडीयू के आईएमएसएआर विभाग की प्रो. सीमा सिंह ने हरियाणा के अतीत और वर्तमान के सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक पहलुओं का गहन विश्लेषण करते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनके प्रभाव को स्पष्ट किया।

### देश की प्रगति में हरियाणा का योगदान बताया

हरियाणा के डिपार्टमेंट ऑफ आर्केलॉजी एडं म्यूजियम विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र परमार ने कहा कि भारत की आर्थिक व सामाजिक तरक्की में हरियाणा की भूमिका सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग की सह-प्राध्यापिका डॉ. कुसुम ने किया। इस दौरान सुजाता वर्मा, डॉ. शालू शर्मा, डॉ. मंजीत, प्रवेश, डॉ. नेहा नैन व भारती मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड मेडिकल अस्पताल के चेयरमैन को मिला श्रेष्ठ चिकित्सा शिक्षक एवं उद्यमी पुरस्कार



**झज्जर।** वर्ल्ड मेडिकल अस्पताल गिरावड़ के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह को प्रतिभाशाली सर्वोत्तम चिकित्सा शिक्षक एवं इंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्थान की ओर से यह पुरस्कार अस्पताल निदेशक डॉक्टर सीएस दुल्ल ने प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि यह गौरवपूर्ण पुरस्कार बीती 25 अप्रैल को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर द्वारा नई दिल्ली के होटल ताज पैलेस में आयोजित एक पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया गया। चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं बल्कि उन सभी समर्पित चिकित्सा शिक्षकों एवं कर्मचारियों का है, जो दिन-रात रोगी सेवा और चिकित्सा शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में निरंतर प्रयासरत हैं।


## पॉलीक्लीनिक में डॉक्टर व अन्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। बैठक में अपने विचार व्यक्त करते संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास छिकारा।

शहर के आर्यनगर में मंगलवार को हुई त्रिवेणी पूर्व सैनिक संगठन बहादुरगढ़ की बैठक में पूर्व सैनिकों ने शहर के ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में डॉक्टरों समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या बढ़ाने के साथ ही दूसरी चिकित्सा सेवाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की है।

संगठन के प्रधान श्रीनिवास छिकारा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया और इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने का निर्णय हुआ। वक्ताओं ने कहा कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में केवल एक डॉक्टर है। जिस कारण पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को चिकित्सा सुविधा समय पर नहीं मिल पाती। पॉलीक्लीनिक में दूसरी सुविधाओं का श्रसर अभाव है। सरकार को यहां पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करनी चाहिए। एक अन्य डॉक्टर यहां तुरंत तैनात करने की जरूरत है। सूबेदार अजीत सिंह, मांगेराम, संदीप दहिया, सतवीर, प्रेम सिंह, जयपाल व सूबेदार हुकुम सिंह यादव ने कहा कि ईसीएचएस क्लीनिक, सीएसडी कैंटीन और इनमें आने वालों के लिए पार्किंग सुविधा एक ही स्थान पर मिलनी चाहिए। फिलहाल झज्जर रोड स्थित सीएसडी कैंटीन के बाहर पार्किंग की किल्लत के कारण सड़क जाम हो जाती है। पुराने अदालत परिसर के निकट सेना की खाली जमीन में भवन बनाया जा सकता है। बैठक में नायक रामवीर राठी, पवन कोच, श्रीभगवान, सुरेंद्र, सुरेश, हवलदार जगविंदर सिंह, विनोद, सूरजमल व हवलदार राजपाल लोहचब भी शामिल रहे।


बहादुरगढ़। केंद्र में मशीन दान करते ध्रुवपाल राठी। फोटो : हरिभूमि

### जीव उपचार केंद्र में दान की 25 मशीनें

**बहादुरगढ़।** अमेरिका में रहने वाले सांखोल मूल के ध्रुवपाल राठी ने गांव में बराही रोड स्थित जीव उपचार केंद्र का दौरा किया और समस्याएं जानीं। कर्मचारियों ने बताया कि पास के खुले नाले के कारण मच्छर और मक्खियों की समस्या गंभीर बनी हुई है, जिससे पशु दिनभर परेशान रहते हैं। काम करने वाले कर्मचारियों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। समस्या की गंभीरता को समझते हुए ध्रुवपाल राठी ने चिकित्सालय में मच्छर-मक्खियों से राहत दिलाने के लिए 25 मशीनें दान की और उनकी फिटिंग भी करवाई। मशीनों के शुरू होते ही कर्मचारियों ने राहत महसूस की और इस पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया। ध्रुवपाल राठी ने कहा कि हिंदू धर्म में गौसेवा को सर्वोच्च सेवा माना गया है और इस प्रकार के कार्य करने से उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। उनके साथ मौजूद राजेश कलसन ने बताया कि ध्रुवपाल राठी जब भी गांव आते हैं, किसी न किसी सामाजिक कार्य में योगदान अवश्य देते हैं और सेवा भावना में हमेशा अग्रणी रहते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### सर्कल कबड्डी में बेस्ट कैचर बनकर लौटे युवा खिलाड़ी कबलाना

# न्यूजीलैंड से जीतकर लौटे कबड्डी स्टार राहुल का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। राहुल का स्वागत करते डॉ. मनीष शर्मा व अन्य।

अस्पताल निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने होनहार युवा खिलाड़ी राहुल को आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुसार आजकल युवाओं की रुचि खेलकूद में बढ़ना अच्छा संकेत है। युवाओं को अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य उपलब्ध करवाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने देश के युवाओं से आह्वान किया कि नशे से बचकर खेलकूद में अपनी रूचि दिखाएं। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्येंद्र दहिया ने किया। ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार, बिट्टू डागर, धर्मवीर ग्रेवाल, प्रदीप सिन्हा, रामनिवास छिकारा, पवन कुमार, श्रीभगवान, जगविंद्र सिंह, राजपाल, रूपेश कुमार, राकेश कुमार व कृष्ण सहवाग आदि ने युवा खिलाड़ी राहुल कबलाना को फूलों तथा नोटों की माला पहनाकर अभिनंदन किया। साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में झाड़ौदा गांव से आई बाबा हरिदास सेवा मंडल की टीम ने भी युवा खिलाड़ी को अपना आशीर्वाद दिया तथा झाड़ौदा गांव में मंदिर निर्माण शुभारंभ कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। डॉ. मनीष शर्मा ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए मंदिर निर्माण के लिए यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## रेवाड़ी में छाए जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कोच और ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी।

- 14 स्वर्ण सहित 20 पदक जीते
- तनीषा को 2100 रुपये का पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हाल ही में रेवाड़ी में संपन्न हुई ओपन नेशनल लक्ष्मी देवी मेमोरियल ताइक्वोंडो कप में फिट हरियाणा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फर्स्ट रनर-अप टीम ट्रॉफी अपने नाम की। विजेताओं का लौटने पर अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम का नेतृत्व एनआईएस कोच एनजीओ संस्थापक विशाल चतुर्भुज ने किया। प्रतियोगिता में टीम के 22 खिलाड़ियों ने भाग लिया और कुल 20 पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। यहां के खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। निधि, तनीषा, विधि, सावी, तनीषा जांगड़ा, जियानशी, कुहू, यशवी, गरिमा, तमन्ना, राधिका, इलाक्षी, तनुज, चेष्टा ने स्वर्ण पदक जीते। समृद्धि, अहाना, मयंक ने रजत तथा नायसा, नकुल, जीवनजोत ने कांस्य पदक झटके। तनीषा को 2100 रुपये का पुरस्कार मिला। बहादुरगढ़ पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया।